AADHAAR

RASHTRIYA SAHARA, Delhi, 12.7.2017

Page No. 16, Size:(9.90)cms X (12.66)cms.

आधार कार्ड से मिला बिछुड़ा गूंगा-बहरा मासूम

■ अनूपपुर।

मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में आधार कार्ड की बदौलत चार साल से अपने परिवार से बिछुड़े एक गूंगे-बहरे मासूम बच्चे के अपने परिवार से वापस मिलने का मामला सामने आया है।

शासकीय सूत्रों के अनुसार वर्ष 2013 में अनूपपुर प्लेटफार्म पर एक बच्चा मिला था। उस समय करीब छह साल का ये बच्चा अपना नाम-पता नहीं बता पा रहा था। रेलवे पुलिस और जिला प्रशासन ने बच्चे को बाल संरक्षण योजना के तहत शिक्षा दिलवाई। दो दिन पहले जब बच्चे का आधार कार्ड बनवाने का प्रयास किया गया तो पता लगा कि उसका कार्ड पूर्व में बन चुका है। सूत्रों के मुताबिक, जिला प्रशासन ने आधार मुख्यालय से इस बारे में पूछताछ की तो पता लगा कि बच्चे के पिता का नाम छत्तीसगढ़ के रायगढ़ निवासी कृष्णा निषाद है। पुलिस ने इस बारे में बच्चे के परिजन को सूचना दी, जिसके बाद सोमवार को कृष्णा निषाद को अनूपपुर में चार साल पहले गुमा उसका बच्चा वापस मिल गया। ■ वार्ता

2013 में अनूपपुर प्लेटफार्म पर एक बच्चा मिला था

उस समय करीब छह साल का ये बच्चा अपना नाम-पता नहीं बता पा रहा था

जब बच्चे का आधार कार्ड बनवाने का प्रयास किया गया तो पता लगा कि उसका कार्ड पूर्व में बन चुका है